कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.09.2024

विषयः- जानलेवा हमला करने के मुकदमे मे वांछित 03 नफ़र अभियुक्तगण थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0392/2024 धारा 115(2)/352/109(1) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्तगण 1. रवि कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी 41/7 पुराना काशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, 2. दिनेश कुमार पुत्र चुन्नू लाल निवासी 62/7 पुराना कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी व 3. दीपक कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी 17/8 पुराना कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी को दिनांक-08.09.2024 को समय करीब 11.00 बजे कोईलहवां वरूणा पुल शिवपुर वाराणसी के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 06.09.2024 को वादी मुकदमा श्री नीतीश कश्यप पुत्र मोतीलाल कश्यप निवासी 85/4, काशीराम आवास थाना शिवपुर जनपद वाराणसी ने दिनांक-05.09.2024 को शाम करीब 5.30 बजे पुरानी बातों को लेकर प्रतिवादीगण दिनेश कनौजिया, दीपक, रवि निवासीगण काशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी द्वारा गाली गलौज करते हुए वादी/प्रार्थी के भाई आशीष कुमार कश्यप उर्फ गोलू को ईट-पत्थर से सिर पर मारकर बेहोश कर देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर मे मु0अ0सं0-0392/2024 धारा 115(2)/352/110 बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 राहुल कुमार सिंह द्वारा संपादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान धारा 110 बी0एन0एस0 को धारा 109(1) बी0एन0एस0 में तरमीम किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. रवि कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी 41/7 पुराना काशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. दिनेश कुमार पुत्र चुन्नू लाल निवासी 62/7 पुराना कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।
3. दीपक कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी 17/8 पुराना कांशीराम आवास थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-08.09.2024 को समय करीब 11.00 बजे कोईलहवां वरूणा पुल शिवपुर वाराणसी के पास से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0392/2024 धारा 115(2)/352/109(1) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

बरामदगी का विवरण- 02 टुकड़ा ईट पत्थर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 राहुल कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 शैलेन्द्र सोनकर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 अरविन्द सरोज थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- का0 मनीष कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 अश्वनी कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी